## प्रेस नोट- दिनांक 16.05.2025

## थाना इज्जतनगर जनपद बरेली

## थाना इज्जतनगर #bareillypolice द्वारा भारत की एकता एवं अखण्डता को धूमिल करने के उद्देश्य से आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।



थाना इज्जतनगर क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक युवक द्वारा RSS कार्यकर्ता के व्हाट्सएप पर एक आपत्तिजनक वीडियो भेजा गया था जिसमें पाकिस्तानी युवक हिन्दुस्तानियों को चीरने की धमकी दे रहा है तथा उक्त पोस्ट पर एक वीडियो चल रही है जिसमे एक पकिस्तानी व्यक्ति भारत की एकता व अखण्डता को ध्वस्त करने के लिए बोल रहा है। उक्त पोस्ट किसी गुड्डू अंसारी नाम के व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल से की गयी थी जिससे जनता मे काफी आक्रोश एवं क्षेत्र के लोग आपत्तिजनक वीडियो से काफी आहत थे। प्रकरण में प्राप्त सूचना पर विधिक कार्यवाही करते हुए थाना इज्जतनगर, बरेली पर दिनांक 15.05.2025 को मु0अ0सं0 432/2025 धारा 353(2) /152 बीएनएस व 66 आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया।

प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी हेतु थाना इज्जतनगर पर टीम का गठन किया गया। उक्त गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत करने के 12 घण्टे के अन्दर ही उक्त वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति की पहचान अभियुक्त गुड्डू अंसारी पुत्र वाहिद हुसैन निवासी नगरिया कला थाना इज्जतनगर जनपद बरेली के रुप में की गयी।

आज दिनांक 16.05.2025 को थाना इज्जतनगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गुड्डू अंसारी को आईवीआरआई रोड से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने वाला मोबाइल रियलमी कम्पनी रंग स्लेटी जिसका IMEI नं0 866909062294371, 866909062294363 बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

गुड्डू अंसारी पुत्र वाहिद हुसैन निवासी नगरिया कला थाना इज्जतनगर जनपद बरेली

**बरामदगी का विवरणः-**

आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने वाला मोबाइल रियलमी कम्पनी

**पुलिस टीम का विवरणः-**

प्रभारी निरीक्षक अपराध श्री रविन्द्र कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली

उ0नि0 रवेन्द्र सिह राणा थाना इज्जतनगर जनपद बरेली

हे0कां0 मनोज कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली

हे0कां0 सुरेन्द्र कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली